-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.02.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 1617 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन ईगल"** के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के पचुल्ला नाला पुलिया के पास से एक अभियुक्त को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद झोले में 1617 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है।

बरामदगी-

- 1617 ग्राम अवैध सूखा गांजा।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राकेश पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम चहितारा थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0- 43/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष कोतवाली देहात श्री चन्द्रप्रकाश तिवारी
2. उ0नि0 श्री समीम अहमद
3. कां0 नीलू
4. कां0 राम आशीष